# 24 घंटे में 8 लाख के चोरी गए पाइप बरामद, दो शातिर चोर गिरफ्तार

## एसएसपी श्वेता चौबे की मॉनिटरिंग में टिहरी पुलिस की बड़ी सफलता, ऑपरेशन प्रहार के तहत 32 पाइप व ट्रक बरामद

स्वतंत्र चेतना, नरेंद्रनगर।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत टिहरी पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए करीब 8 लाख रुपये मूल्य के पंपिंग योजना के 32 लोहे के पानी के पाइप शत-प्रतिशत बरामद कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई को गजा-चंबा मोटर मार्ग स्थित पंपिंग योजना से पाइप चोरी होने की शिकायत मिलने पर कोतवाली नरेंद्रनगर में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, सुरागरसी और मैनुअल पुलिसिंग के आधार पर कार्रवाई करते हुए हरिद्वार के सलेमपुर क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सभी पाइप, अन्य स्क्रैप सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त ट्रक भी बरामद कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रक से हरिद्वार से टिहरी के चंबा, गजा और खाड़ी क्षेत्र में ईंट सप्लाई का कार्य करते थे। वापसी के दौरान ट्रक खाली होने पर अतिरिक्त कमाई के लालच में उन्होंने पंपिंग योजना के पाइप चोरी करने की योजना बनाई। ईंट उतारने के बाद दोनों ने 32 पाइप ट्रक में लाद लिए और उन्हें रुड़की में कबाड़ी को बेचने जा रहे थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शहबान निवासी हरिद्वार और उस्मान निवासी सहारनपुर के रूप में हुई है। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने अंजाम दिया। टीम में उपनिरीक्षक यशवंत खत्री, अपर उपनिरीक्षक शांतिप्रसाद डिमरी, सीआईयू प्रभारी ओमकांत भूषण सहित पुलिस एवं सीआईयू शाखा के अन्य जवान शामिल रहे। एसएसपी श्वेता चौबे ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रकृति संरक्षण जनआंदोलन बने, हर व्यक्ति लगाए और पौधों की देखभाल करे : सुबोध उनियाल

## हरेला पर्व पर पीटीसी नरेंद्रनगर में रुद्राक्ष का पौधरोपण, स्वयं सहायता समूहों को 22 लाख के चेक वितरित

स्वतंत्र चेतना, नरेंद्रनगर।

उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर वन प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) नरेंद्रनगर में गुरुवार को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के वन, विधायी एवं संसदीय कार्य, निर्वाचन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने रुद्राक्ष का पौधा रोपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पिरूल एकत्रीकरण से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को लगभग 22 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक भी वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को हरित प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला रही है।

वन मंत्री ने कहा कि रुद्राक्ष का वृक्ष धार्मिक, आध्यात्मिक और औषधीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा भगवान शिव से जुड़े होने के कारण यह उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनके संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने, जल एवं मृदा संरक्षण, जैव विविधता और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों ने भी हरेला पर्व को प्रकृति संरक्षण का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण लोकपर्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा, नगर पालिका नरेंद्रनगर अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम पंवार, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, एसडीएम आशीष घिल्डियाल, एसडीओ फॉरेस्ट किशोर नौटियाल एवं अनिल पैन्यूली सहित जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षुओं और स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

# हरेला पर्व पर मुनिकीरेती-ढालवाला में 75 फलदार पौधों का रोपण

## एक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, हर घर तक पौधे पहुंचाने की तैयारी

स्वतंत्र चेतना, मुनिकीरेती।

हरेला पर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला द्वारा ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण और अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में सभासदों एवं पालिका टीम ने 14 बीघा रामलीला मैदान, शीशम झाड़ी गंगा वाटिका पार्क और भद्रकाली मंदिर परिसर में 75 फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हरेला केवल पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला लोकपर्व है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण असंतुलन जैसी चुनौतियों के दौर में प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट ने बताया कि पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में घर-घर पौधे उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग वृक्षारोपण अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और हरेला पर्व इस दिशा में लोगों को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में सभासद विनोद खंडूड़ी, बृजेश गिरी, गजेंद्र सजवाण, स्वाति पोखरियाल, विनोद सकलानी, सभासद प्रतिनिधि अजय रमोला, अरविंद नेगी, मुख्य सफाई निरीक्षक नितिन सती, अवर अभियंता सचिन सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हरेला उत्सव पर रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान

## एनसीसी कैडेटों और विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, एक पेड़ माँ के नाम अभियान से किया जागरूक

स्वतंत्र चेतना,ऋषिकेश।

हरेला पर्व के अवसर पर रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, ऋषिकेश में एनसीसी कैडेटों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यार्थियों ने हरियाली बढ़ाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों ने अनुशासन एवं सेवा भावना का परिचय देते हुए परिसर की साफ-सफाई की और ह्लएक पेड़ माँ के नामह्न तथा ह्लस्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवनह्न जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरंग बैली ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उपप्रधानाचार्य देवेंद्र बिष्ट तथा अकादमिक हेड अमित गांधी ने भी विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की मजबूत नींव बनेगा।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के एनसीसी एएनओ अधिकारी अशोक सिंह मेहता के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर मनोज बिष्ट, कीर्तन भट्ट, मनोज रावत, मनीषा पटवाल, हितेशी यादव, माया राणा, रतन, विशाल कटकार, रेखा बिष्ट, दीपमाला, हर्षिता पांडेय, जिन कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# बिजली के पोल में करंट से 9 वर्षीय बच्ची की मौत

स्वतंत्र चेतना, ऋषिकेश।

ऋषिकेश के निकट मुनिकीरेती थाना क्षेत्र से एक बड़ी दुखद खबर सामने आई है। यहां आस्था पथ पर बारिश के दौरान बिजली के पोल पर करंट आने से 9 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस के मुताबिक घटना 15 जुलाई की रात करीब साड़े सात बजे की है। जब क्षेत्र में अचानक तेज वर्षा होने लगी। उसी समय चंद्रेश्वर नगर में रहने वाली 9 वर्षीय कुमकुम परिजनों के साथ स्वामीनारायण घाट के पास से घर लौट रही थी। तभी उसने आस्था पथ पर सौंदर्यकरण के तहत लगे बिजली के पोल को छू लिया। पोल को छूते ही तेज करंट कुमकुम के शरीर में दौड़ गया। बेहोश होकर नीचे गिरी बेटी को किसी तरह परिजन भारी बारिश के बीच लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने कुमकुम को मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। एसएसआई योगेश पांडे ने बताया कि पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया कुमकुम के पिता मूल रूप से बरेली के रहने वाले हैं। वह चंद्रेश्वर नगर में रहकर फेरी लगाने का काम करते हैं। कुमकुम की दो बहन और एक भाई और हैं।

# हरेला हमारी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक, 100 से अधिक पौधे लगाए गए—महापौर

स्वतंत्र चेतना, ऋषिकेश।

हरेला पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित स्मृति वन, ऋषिकेश में जिला गंगा संरक्षण समिति देहरादून, वन विभाग ऋषिकेश, नगर निगम एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में बृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत 100 से अधिक पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान ने कहा कि हरेला उत्तराखंड की संस्कृति, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति श्रद्धा का प्रतीक लोक पर्व है। वहीं कार्यक्रम संयोजक एवं जिला गंगा संरक्षण समिति के नामित सदस्य, पर्यावरणविद डॉ. विनोद प्रसाद जुगलान ने कहा कि हरेला केवल पौधरोपण अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आत्मीयता और पर्यावरण संरक्षण का जनआंदोलन है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ल ने स्मृति वन का निरीक्षण कर जिला गंगा संरक्षण समिति की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर निगम शीघ्र ही शहर में ह्यनगर वन वाटिकाह्न की स्थापना के लिए भी प्रयास करेगा। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट, वन क्षेत्राधिकारी गंभीर सिंह धमांदा, वन राजिक अधिकारी गजेंद्र सिंह, अनुभाग अधिकारी महावीर सिंह नेगी, पार्षद वीरेंद्र रमोला, पूर्व पार्षद अधिवक्ता राकेश सिंह मियाँ, दिग्विजय कैंतुरा, राजेंद्र पंत, जयेन्द्र रमोला, पर्यावरण कार्यकर्ता पवनेश भट्ट, पूनम नेगी, विधिक सेवा प्राधिकरण की स्वयंसेविकाओं सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों ने पौधरोपण कर हरित उत्तराखंड का संकल्प दोहराया।

GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar. Apni Pehchan.

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
ब्रांच ऑफ यूनिटःआर.के. टावर, दूसरी मंजिल, स्वामी हरिचुरम ट्रस्ट के सामने, कनखल रोड, आर्य नगर चौक, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड - 249407

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
**सरफेसी एक्ट के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (जिसे आगे 'एक्ट' कहा जाएगा) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8 और 9 के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां 'ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' (जिसे एक्ट के अनुसार 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' कहा जाएगा) के पास गिरवी रखी गई थीं। इन संपत्तियों का कब्जा 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' के अधिकृत अधिकारी ने एक्ट की धारा 13(12) और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स' के नियम 8 और 9 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए और एक्ट की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद लिया है। सिक्योर्ड एसेट्स (गिरवी रखी संपत्तियों) को 18-08-2026 को ई-नीलामी के जरिए "जैसा है, जहां है" **(As is where is)**, "जैसा है, वैसा है" **(As is what is)** और "जो कुछ भी है" **(Whatever there is)** के आधार पर बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.banfkeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों **(T&Cs)** के लिए, कृपया **GHFL**/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

| प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम {ए} | मांग सूचना दिनांक और उत्कृष्ट राशि {बी} | कब्जे की प्रकृति {सी} | विवरण संपत्ति का {डी} | संरक्षित कीमत {ई} | ईएमडी (10% आरपी के) {एफ} | ईएमडी जमा करने की तिथि {जी} | वृद्धिशील बोली {एच} | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय {क} | दिनांक और का समय नीलामी {जे} | ज्ञात अतिक्रमण-प्रतिबंध/अदालत मामले यदि कोई हों {के} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोन नंबर LAP0173200000005042834 और LAP0173200000005022416 प्रविंद्र कुमार (उधारकर्ता) रेणु, पत्नी प्रविंद्र कुमार (सह-उधारकर्ता) | नोटिस की तारीख: 11-11-2025 कुल बकाया राशि: रू.12,25,991.00 /- (बारह लाख पच्चीस हजार नौ सौ इक्यानवे रुपये मात्र) जिसमें LAP0173200000005042834 में रू.3,97,636.00/- और LAP0173200000005022416 में रू.8,28,355.00/- का बकाया शामिल है, जो 11-11-2025 तक देय है, साथ ही भुगतान होने तक 18.35% सालाना की दर से ब्याज भी देय है। | भौतिक | प्लॉट नंबर 5, खसरा नंबर 22 का पूरा हिस्सा, जिसकी माप इस प्रकार है: पूर्व: 18 फीट, पश्चिम: 18 फीट, उत्तर: 35 फीट, दक्षिण: 35 फीट, और कुल क्षेत्रफल 630 वर्ग फीट (यानी 58.55 वर्ग मीटर)। यह सुल्तानपुर नजरी गाँव, परगना ज्वालापुर, तहसील और ज़िला हरिद्वार में स्थित है। इसके पूर्व में: 20-फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 6, उत्तर में: प्लॉट नंबर 5 का बचा हुआ हिस्सा, दक्षिण में: प्लॉट नंबर 7 है। | रु. 1323000/- (रुपये तेरह लाख तेईस हजार मात्र) | रु. 132300/- (रुपये एक लाख बत्तीस हजार तीन सौ केवल) | 17-08-2026 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 10-08-2026 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे) | 18-08-2026 (सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे) | शून्य |
| लोन नंबर HL00691100000005052677 वीरेंद्र सिंह (उधारकर्ता) ऊषा देवी (सह-उधारकर्ता) | नोटिस की तारीख: 09-03-2026 कुल बकाया राशि: रू.22,21,655/- (बाईस लाख इक्कीस हजार छह सौ पचपन रुपये मात्र) 09-03-2026 तक देय, साथ ही भुगतान होने तक 14.1% सालाना की दर से ब्याज। | भौतिक | जमीन का वह पूरा टुकड़ा जो हिम्मतपुर गाँव में स्थित है अंधेरिया, परगना (भवर चिल्किया) तहसील रामनगर, ज़िला नैनीताल इसका खसरा नंबर 19/1ल्ल है, और इसका माप है: पूर्व में 45 फीट, पश्चिम में 45 फीट, उत्तर में 17 फीट, दक्षिण में 17 फीट; कुल क्षेत्रफल 765 वर्ग फीट। सीमाएँ: पूर्व में:- देवंती देवी की जमीन; पश्चिम में:- रमेश अरोड़ा की जमीन; उत्तर में:- 5 फीट चौड़ा रास्ता; दक्षिण में:- रास्ता 22 फीट चौड़ा | रु. 2047500/- (रुपये बीस लाख सैंतालीस हजार पाँच सौ मात्र) | रु. 204750/- (रुपये दो लाख चार हजार सात सौ पचास मात्र) | 17-08-2026 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 10-08-2026 (सुबह 11 बजे शाम 4 बजे) | 18-08-2026 (सुबह 11 बजे दोपहर 2 बजे) | शून्य |

बोली लगाने/खरीदने के इच्छुक लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बोली जमा करने से पहले ह्यसिक्योर्ड क्रेडिटर ब्रांचह्न और नीलामी वाली प्रॉपर्टी का दौरा करें, खुद जांच-पड़ताल करें और अतिरिक्त शुल्क, देनदारियों **(encumbrances)** और किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों के बारे में पता करके पूरी तरह संतुष्ट हो लें। प्रॉपर्टी से जुड़े सभी कानूनी बकाया जैसे प्रॉपर्टी टैक्स, बिजली/पानी का बिल और कोई अन्य बकाया, अगर हो, तो सफल बोली लगाने वाले को ही पता करना होगा और उसका भुगतान करना होगा।

इच्छुक बोली लगाने वालों को पोर्टल पर खुद को रजिस्टर करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता **'C1** इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' से पहले ही लॉगिन **ID** और पासवर्ड लेना होगा, जो ई-बिडिंग के लिए जरूरी है। पता- प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंज़िल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124, 25, 26; सपोर्ट ईमेल **ID- Support@bankeauctions.com**। संपर्क व्यक्ति- धरणी **P**, ईमेल **ID- dharanfi.p@c1india.com**, संपर्क नंबर- 9948182222। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोली लगाने वाले केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन ट्रेनिंग ले सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोली लगाने वाले को ह्यअर्नेस्ट मनी डिपॉजिट' **(EMD)** की राशि **NEFT/RTGS/DD** के जरिए **"GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED - AUCTION PROCEEDS A/C"** के खाते में जमा करनी होगी। बैंक- **ICICI** बैंक लिमिटेड, खाता नंबर- 091551000028 और **IFSC** कोड- **ICIC0000915 (ICICI** बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर 411014)। यह भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत या शेड्यूल्ड बैंक से 17-08-2026 को या उससे पहले किया जाना चाहिए। साथ ही, उन्ह **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम रजिस्टर करना होगा, मुफ्त में यूजर **ID** और पासवर्ड प्राप्त करना होगा और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी की ट्रेनिंग लेनी होगी। वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद, खरीदने/बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति को नीचे दिए गए डॉक्यूमेंट्स की कॉपी अपलोड करनी होगी, ईमेल करनी होगी और खुद से अटेस्ट की हुई हार्ड कॉपी इस पते पर भेजनी होगी:

पता: फर्स्ट फ्लोर, खसरा नंबर 323, गांव उज्जैन, तहसील काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, पिन 244713, उत्तराखंड। मोबाइल नंबर: +91 8281138143, ईमेल **ID: p.adith@grihumhousing.com**। नियम और शर्तों के बारे में ज्यादा जानकारी और ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए कृपया **https://www.bankeauctions.com & www.grihumhousing.com** पर जाएं।

**स्थानः- हरिद्वार, नैनीताल, उत्तराखंड। तारीखः 17.07.2026**

**प्राधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**